संख्या :4525 / 1–10–2011–12(34) / 2011 टी0सी0–।।

प्रेषक,

के0 के0 सिन्हा,
प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

P0-1

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बिजनौर।

लखनऊः दिनांकः 16 दिसम्बर, 2011

राजस्व अनुभाग–10

विषयः वर्ष 2010–11 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के पुननिर्माण / पुर्नस्थापना मद में वित्तीय वर्ष 2011–12 में धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–434 / तीन–सी0आर0ए0–आपदा–11, दिनांक 09.12.2011 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष 2010–11 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के पुननिर्माण / पुर्नस्थापना मद में वित्तीय वर्ष 2011–12 में धनावंटन संबंधी शासनादेश संख्या–1930 / 1–10–2011–12(34) / 2011, दिनांक 7.7.2011 द्वारा कालागढ़ के अंतर्गत सैडिल डैम, सड़क एवं अन्य क्षतिग्रस्त सार्वजनिक सम्पत्तियों का पुर्ननिर्माण / पुर्नस्थापना संबंधी परियोजना प्रस्ताव के संबंध में धनराशि रू0 469.705 लाख स्वीकृत / अवमुक्त की गयी थी। उक्त के अनुक्रम में अब अवशेष / अपेक्षित धनराशि रू0 4,18,92,500 / –(रूपये चार करोड़ अठ्ठारह लाख बानवे हजार पॉच सौ मात्र) नीचे उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निर्वतन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2 उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत–आयोजनेत्तर–05–आपदा राहत निधि–800–अन्य व्यय–03 –आपदा राहत निधि से व्यय–42–अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

3. बाढ़ से तात्कालिक प्रकृति की अपरिहार्य परिस्थितियों वाले अर्ह एवं अनुमन्य श्रेणी की क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत मद में धनराशि निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही व्यय किया जायेगा । इस धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं अन्य सुसंगत नियमों / शासकीय निर्देशों के अधीन ही किया जायेगा। इस धनराशि का उपयोग अन्य किसी भी विभागीय कार्य हेतु कदापि न किया जाय। अग्रेतर यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा राहत निधि की धनराशि का व्यय केवल दैवी आपदाओं– अग्निकाण्ड, भूस्खलन, बादल फटने, हिम स्खलन, चक्रवात, सूखा, भूकम्प, बाढ़, ओलावृष्टि, कीट आक्रमण तथा सुनामी से प्रभावित व्यक्तियों को राहत सहायता प्रदान करने के निमित्त व्यय की जाय। सामान्य दुर्घटनाओं–सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना, दंगा फसाद, विद्युत आदि के कारण घटित घटनाओं के लिए इस धनराशि का उपयोग नहीं किया जायेगा।

4. उक्त धनराशि का व्यय शासनादेश संख्या–जी0आई0–134 / 1–11–2007–46 / 97, दिनांक 31 जुलाई, 2007 एवं उसके साथ संलग्न भारत सरकार की गाइड लाइन्स में निर्धारित एवं अर्ह मानकों मदों एवं शासनादेश

4–वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,एन0आई0सी0, योजना भवन लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे राहत की बेवसाइट http/rahat. up. nic.in पर अपलोड़ कराना सुनिश्चित करे।

5–वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी,कार्यालय राहत आयुक्त संगठन।

6–वरिष्ठ कोषाधिकारी/ कोषाधिकारी, बिजनौर।

7–वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–5

8–समीक्षा अधिकारी (लेखा), राजस्व अनुभाग–10/राजस्व अनुभाग–6/11/ राहत वेबसाइट के उपयोगार्थ।

9–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(21) 16/12/11

( राजेन्द्र प्रसाद )

अनु सचिव।